जागरण

स्वस्थ भारत यात्रा का आगमन जिले में 10 को

03 Dec 2018

पूर्णिया। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर जिले में स्वस्थ भारत यात्रा का आगमन 10 दिसंबर को होगा। स्वस्थ भारत यात्रा के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी रामशंकर कर रहे थे।

बैठक में डीडीसी ने बताया कि स्वस्थ भारत यात्रा के तहत भ्रमण पर निकले साइकलिस्टों का दल आगामी 10 दिसंबर को इस्लामपुर से होकर दालकोला के समीप पूर्णिया जिला सीमा में प्रवेश करेगा, जहां उनका स्वागत किया जाएगा। दल को ससम्मान शाम तक जिला स्कूल लाया जाएगा जहां महात्मा गाधी पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया जाएगा। 11 दिसंबर को सुबह सात बजे से साइकिल रैली इंदिरा गाधी स्टेडियम से जिला स्कूल तक जाएगी। इसमें स्थानीय स्कूली बच्चे भी भाग लेंगे। जिला स्कूल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। आगामी 12 दिसंबर को पूर्णिया जिले के 25 साइकिलिस्ट अगले पड़ाव भागलपुर तक जाएंगे। उनके लिए एम्बुलेंस एवं स्कॉट की व्यवस्था रहेगी। पूरी व्यवस्था के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को टास्क दिए गए।

बैठक में नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं बायसी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आइसीडीएस, कमाडेंट एनसीसी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।